
प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस

नर्मदा कॉलेज सेवा संकल्प अभियान साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

जब हम असावधान होते हैं तब अपराधी को अवसर मिलता है





● नर्मदापुरम/ राज न्यूज नेटवर्क

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा कॉलेज में आज सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया ।जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर अपराध से बचाव व सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के संबंध में जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ ।संयोजक डॉ के जी मिश्र ने विषय प्रवर्तन करते हुए बताया कि जब हम असावधान या लापरवाह हो जाते हैं तब अपराधी को अवसर मिलता है इसलिए सतर्कता बरतें और चैतन्य रहें ।प्राचार्य डॉ आर के चौकसे ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि वर्तमान में साइबर फ्राड के प्रति जागरूकता हम सब की आवश्यकता है । जिला सायबर सेल से पधारे मुख्य वक्ता श्री संदीप यदुवंशी ने जानकारी दी कि सोशल मीडिया पर व्हाट्सएप के द्वारा भेजी गई किसी भी एप्लीकेशन या ए पी के लिंक को डाउनलोड ना करें, यदि कॉल अपने आप फारवर्ड हो रहा है तो तुरंत इसकी शिकायत करें। डिजिटल अरेस्ट, फर्जी लिंक, बैंक अकाउंट, साइबर अपराध ऑनलाइन ठगी और सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल की सलाह देते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि बैंकिंग विवरण ओटीपी, अनजान व्यक्ति से साझा ना करें । सबसे ज्यादा फ्राड गेमिंग ऐप, व्हाट्सएप द्वारा किए जाते हैं इनके उपयोग में सावधानी बरतें। बैंकिंग धोखाधड़ी, साइबर अपराध या ठगी होने की स्थिति में असुरक्षा का अनुभव होने पर बिना डरे पुलिस और साइबर सेल से संपर्क कर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करने का परामर्श दिया। संचालन डा हेमंत गोहिया तथा आभार डॉ संतोष अहिरवार ने व्यक्त किया। प्रतिवेदन डॉ अंजना यादव का रहा।कार्यक्रम में जितेंद्र सेजकर, डॉ धर्मेंद्र कोरी, शाहिद खान,डॉ सुभाष जाटव, डॉ मनीष कटारे, डॉ नितिन सोनी सहित अधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

साइबर ठगी सबसे ज्यादा गेमिंग ऐप द्वारा: संदीप यदुवंशी

FREE -PRESS
17/10/26

NARMADAPURAM

Students advised to remain cautious about cyber frauds

PM College of Excellence, Narmada Degree College, organised a cyber security awareness campaign on Friday as part of the Sewa Sankalp Abhiyan. The college authorities aimed to make the students aware about cyber crimes and to inform them about how handle digital system with caution. Coordinator of the event KG Mishra appealed to the students to remain alert when they handle digital system. Principal of the college RK Chokse said everyone should be aware of cyber frauds. Sandeep Yaduvanshi from the district cyber cell was the main speaker of the event.

ताप्ती समन्वय
16/10/26

नर्मदा महाविद्यालय में सायबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

सायबर ठगी सबसे ज्यादा गेमिंग ऐप द्वारा:संदीप यदुवंशी

नर्मदापुरम्,तासी समन्वय। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में आज सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर अपराध से बचाव व सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के संबंध में जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। संयोजक डॉ के जी मिश्र ने विषय प्रवर्तन करते हुए बताया कि जब हम असावधान या लापरवाह हो जाते हैं तब अपराधी को अवसर मिलता है इसलिए सतर्कता बरतें और चैतन्य रहें। प्राचार्य डॉ आर के चौकसे ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि वर्तमान में साइबर फ्राड के प्रति जागरूकता हम सब की आवश्यकता है। जिला सायबर सेल से पधारे मुख्य वक्ता श्री संदीप यदुवंशी ने जानकारी दी कि सोशल मीडिया पर व्हाट्सएप के द्वारा भेजी गई किसी भी एप्लीकेशन या ए पी के लिंक को डाउनलोड ना करें, यदि कॉल अपने आप फारवर्ड हो रहा है तो तुरंत इसकी शिकायत करें। डिजिटल अरेस्ट, फर्जी लिंक, बैंक अकाउंट, साइबर अपराध ऑनलाइन ठगी और सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल की सलाह देते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि बैंकिंग विवरण ओटीपी, अनजान व्यक्ति से साझा ना करें। सबसे ज्यादा फ्राड गेमिंग ऐप, व्हाट्सएप द्वारा किए जाते हैं इनके उपयोग में सावधानी बरतें। बैंकिंग धोखाधड़ी, साइबर अपराध या ठगी होने की स्थिति में असुरक्षा का अनुभव होने पर बिना डरे पुलिस और साइबर सेल से संपर्क कर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करने का परामर्श दिया। कार्यक्रम का संचालन डा हेमंत गोहिया तथा आभार डॉ संतोष अहिरवार ने व्यक्त किया। प्रतिवेदन डॉ अंजना यादव का रहा। कार्यक्रम में प्रोफेसर कमल वाधवा, जितेंद्र सेजकर, डॉ धर्मेंद्र कोरी, शाहिद खान,डॉ सुभाष जाटव, डॉ मनीष कटारे, डॉ नितिन सोनी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।


सेवा संकल्प अभियान 2026
प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
सेवा संकल्प अभियान 2026
साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला